श्री रामप्रकाश संस्कृत महाविद्यालय

विज्ञापन सं0–1/2025

आवश्यकता है श्री रामप्रकाश संस्कृत महाविद्यालय, पातेपुर वैशाली (बिहार) कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय कामेश्वर नगर दरभंगा की वित्त सहित सम्बद्ध इकाई में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत एवं निर्धारित वेतनमान में निम्नांकित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताधारी भारतीय नागरिको से विहित प्रपत्र में पूर्ण विवरण (व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक) तथा प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाते है। नियुक्ति में विश्वविद्यालय के अनुमोदन एवं राज्यनुदान प्राप्त होने पर कार्यभार ग्रहण करने वाले व्यक्तियों का वेतन भुगतान किया जायेगा।

रिक्तपदों का विवरण निम्नवत है:-

क्र.सं.	विषय	पद	कोटि	अभ्युक्ति
1.	प्रधानाचार्य	1 पद	UR	
2.	वेद	1 पद	UR	
3.	व्याकरण	1 पद	SC	
4.	साहित्य	2 पद	1 EWS, 1 EBC	
5.	ज्योतिष	1 पद	UR	
6.	हिन्दी	1 पद	UR (F)	
7.	संस्कृत (एम.ए.)	1 पद	BC	
8.	अर्थशास्त्र	1 पद	EBC	
9.	निम्नवर्गीय लिपिक	2 पद	1 UR, 1 EBC	

(क) आवेदन विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर कार्यालय अवधि में निबंधित डाक से प्रधानाचार्य कार्यालय में स्वीकार किए जाऐंगे।

2. साक्षात्कार के लिए स्थान तिथि एंव समय अर्हता प्राप्त आवेदकों को निबंधित डाक द्वारा सूचित किया जाएगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए कोई भत्ता देय नहीं है।

(ग) लिपिक पदों पर परीक्षा तिथि पत्राचार द्वारा सूचित किया जायेगा। किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं है।

(घ) विज्ञापन के पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार शासी निकाय को होगा।

(ङ) आवेदन हेतु कोई शुल्क देय नहीं होगा।

(च) नियुक्ति की अर्हता वही होगी जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/राजभवन के ज्ञापांक बी0एस0यू0 25/2024-1472/ जी0 एस0 (1) दिनांक-10.08.2020 में निर्धारित है।

(छ) त्रुटिपूर्ण तथा प्रमाण-रहित आवेदनों पर विचार नहीं किया जायगा।

(ज) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित तथा बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत यथासमय प्रख्यापित दिशानिर्देश के आलोक में सभी नियुक्तियाँ की जायेगा।

(झ) आवेदक अपने आवेदन के साथ अपना पूर्णतः लिखित तथा समुचित पता से युक्त दो लिफाफा आवश्यक संलग्न करें।

(ञ) नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताः-

संबंधीत/संगत विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको अथवा समतुल्य ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर उपाधि/आरक्षित कोटि को उम्मीदवारों के लिए 5 प्रतिशत की छुट प्रदेय होगा। इसी प्रकार 19.09.1991 के पूर्व स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने वाले पी.एच.डी. धारको नियमानुसार 5 प्रतिशत की छुट होगी।

उक्त अर्हाता के अतिरिक्त अभ्यर्थी को यू.जी.सी. सी.एस.आई.आर. द्वारा आयोजित NET की परीक्षा अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित SLET/SET उत्तीर्ण होना चाहिए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रकाशित एम.फील, पी.एच.डी., उपाधी के लिए न्यूनतम मानक 2009/2016 के आलोक में पी.एच.डी. की उपाधी प्राप्त होनी चाहिए। निम्नवर्गीय लिपिक की योग्यता इण्टरमिडिएट, परीक्षोतीर्णता के साथ कम्प्यूटर दक्षता होगी।

आयू-

प्रधानाचार्य एवं सहायक प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम आयु (राज्यसरकार द्वारा निर्धारित) तथा अधिकतम आयु 55 वर्ष होगी। आरक्षित कोटि के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में 5 वर्ष की धूट अनुसूचित जाति एवं जनजति वर्ग के लिए एवं 3 वर्ष वेतनमान पिछड़ी जाति एंव अत्यन्त पिछड़ी वर्ग को छूट दी जायेगी।

सभी पदों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा राज्यसरकार द्वारा निर्धारित

वेतनमान देय होगा।

चयन प्रक्रिया एवं नियुक्ति

सभी पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी होगी तथा नियुक्ति हेतु अनुशंसा राजभवन/राज्यसरकार द्वारा निर्गत निर्देशो के अनुरूप जांपोपरान्त की जायगी तथा नियुक्ति चयनसमिति की अनुशंसा पर शासी निकाय द्वारा की जायेगी। नियुक्ति व्यक्तियों को निर्धारित समय के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करना होगा। तथा उसके वेतनादि का भुगतान विश्वविद्यालय के अनुमोदन तथा राज्यनुदान की प्राप्ति के बाद की किया जायगा। यदि अभ्यर्थी निर्धारित समय में बिना अनुमति कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थ होता है। तो उसकी नियुक्ति बिखंडित मानी जायगी।